# मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## कुन्दरकी थाना क्षेत्र के मलीपुर महमूदा नगला की घटना, कारणों की जांच में जुटी पुलिस





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** थाना इलाके के गांव मलीपुर महमूदा नगला निवासी जयपाल (50) पुत्र श्रीराम ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जयपाल मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

उसके परिवार में पत्नी सहित छह बच्चे हैं, जिनमें तीन लड़कियां और तीन लड़के शामिल हैं। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार जयपाल पिछले कुछ समय से परेशान रहता था, हालांकि आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# पिता की डांट बेटे को गुजरी नागवार जहरीले पदार्थ का सेवन कर किया आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र स्थित लोदीपुर जवाहर नगर में रविवार रात एक चिंताजनक घटना सामने आई। कक्षा आठ के एक छात्र ने पिता की डांट से आहत होकर कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों के अनुसार किसी बात को लेकर पिता ने बेटे को समझाने के दौरान डांट दिया था।

इसी से नाराज होकर छात्र ने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उल्टी व घबराहट की शिकायत होने पर परि. जनों को मामले की गंभीरता का एहसास हुआ। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया।अस्पताल सूत्रों के मुता. बिक छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। घटना की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने प्राथमिक जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

यह घटना अभिभावकों और बच्चों के बीच संवाद की आवश्यकता की ओर भी संकेत करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि किशोरावस्था में बच्चों की भावनात्मक स्थिति को समझना और संवाद बनाए रखना अत्यंत जरूरी है।

फिलहाल परिवार छात्र के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# गन्ने में सहफसली खेती तथा राष्ट्रीय कीट प्रबंधन प्रणाली एप के बारे में किसानों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** कृषि विज्ञान केंद्र, ठाकुरद्वारा ने ग्राम कमाल पुरी खालसा में तथा कृषि विज्ञान केंद्र पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को गन्ने की सहफसली खेती के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। यह कार्यक्रम दिनांक 23 फरवरी 2026 को ब्लॉक ठाकुरद्वारा के ग्राम कमाल पुरी खालसा में तथा केंद्र पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ने की फसल में सहफसली (इंटरक्रॉपिंग) अपनाने से होने वाले लाभों तथा इससे जुड़े रोग एवं कीट प्रबंधन के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ रवींद्र कुमार द्वारा किसानों को षान्ने में सहफसली खेतीष करने पर मृदा पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।पौध सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को गन्ने में सहफसली खेती के दौरान लगने वाले प्रमुख रोगों और कीटों की पहचान तथा उनके प्रभावी रोकथाम के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रासायनिक एवं जैविक दोनों तरीकों से कीट नियंत्रण की जानकारी साझा की, ताकि फसल की पैदावार में सुधार हो और नुकसान कम हो। केंद्र के फसल उद्यान विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ शिव शंकर वर्मा ने गन्ने में सहफसली खेती में मुख्य रूप से उच्च मूल्य वाली सब्जियों, फलों की फसलों और अन्य उद्यान फसलों के साथ गन्ने की सहफसली पर विस्तार से बताया।



सस्य विज्ञान के वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने गन्ने के साथ कौन-कौन सी फसलें सहफसली के रूप में ली जा सकती हैं, इस पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने विभिन्न फसलों के संयोजन, उनकी उपयुक्तता, मिट्टी की उर्वरता पर प्रभाव तथा अतिरिक्त आय के स्रोत के रूप में सहफसली के लाभ बताए। इसके अतिरिक्त, मौके पर उपस्थित किसानों को पौध सुरक्षा के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (छंजपवदंस च्मेजै नतअमपससंदबमै लेजमउ - छच्ै) के बारे में भी जानकारी दी गई तथा ऐप्प डाउनलोड करके उसे संचालित करके दिखाया। यह केंद्र सरकार की एक AI आधारित आधुनिक पहल है, जो किसानों को कीटों की पहचान, निगरानी तथा समय पर प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ सलाह प्रदान करती है। किसान मोबाइल ऐप या वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी फसल की फोटो अपलोड कर तुरंत सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

जिससे कीटनाशकों का अनावश्यक उपयोग कम होता है और फसल सुरक्षित रहती है। कार्यक्रम में गार्गी रानी, प्रमोद कुमार, महिपाल, मोहम्मद इलियास, अशोक कुमार, मोहम्मद शामी, यस राम शर्मा, ओमप्रकाश सिंह आदि लगभग 75 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और वैज्ञानिकों से अपने खेतों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। किसानों ने इस प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि सहफसली खेती अपनाने से उनकी आय बढ़ सकती है तथा गन्ने की फसल अधिक मजबूत बनेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के कर्मचारी श्री पुष्पराज, संदीप कुमार व दिनेश कुमार ने अपना योगदान दिया।

# अंबेडकर पार्क में जिला धोबी महासभा ने संत गाडगे महाराज का जन्मोत्सव हर्सोल्लास के साथ मनाया

**मुरादाबाद।** जिला धोबी महासभा के द्वारा स्वच्छता और समाज सुधार के प्रतीक संत गाडगे महाराज का जन्मोत्सव अम्बेडकर पार्क, सिविल लाइन में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ताराचंद ने की, जबकि संचालन सुरेश चंद्र दिवाकर ने किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने संत गाडगे बाबा के जीवन, संघर्ष और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि संत गाडगे महाराज का जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगांव ग्राम में एक साधारण धोबी परिवार में हुआ था। विपरीत परिस्थितियों में पले-बढ़े बाबा ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, अशिक्षा, नशाखोरी और कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समानता का संदेश देते हुए जनजागरण का कार्य किया।चंद्र प्रकाश दिवाकर ने कहा कि उस समय समाज अनेक बुराइयों से ग्रस्त था, लेकिन गाडगे बाबा ने अपने सतत प्रयासों से लोगों में जागरूकता पैदा की। मुन्नालाल और अन्य वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए समाज से उनकी शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में समाज की संस्कृति और पारंपरिक कला के संरक्षण पर भी बल दिया गया। अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे संत गाडगे बाबा के बताए मार्ग पर चलकर स्वच्छ, शिक्षित और जागरूक समाज के निर्माण में योगदान देंगे।



# विभिन्न मांगों को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, डीएम को दिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश ने किया। संगठन ने शिक्षा और श्रमिक हितों से जुड़े कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।ज्ञापन में निजी विद्यालयों द्वारा हर वर्ष नई किताबें, ड्रेस और स्टेशनरी अनिवार्य किए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि इससे गरीब, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है, जो शिक्षा के अधिकार की भावना के विपरीत है। सरकार से सभी बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें और ड्रेस उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा मजदूर वर्ग की न्यूनतम आय सुनिश्चित करने, प्रत्येक कंपनी में श्रमिक हेल्पलाइन नंबर जारी करने तथा 'लेबर सिक्योरिटी नंबर' लागू करने की मांग भी रखी गई, ताकि मजदूर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ सकें। श्रम कानूनों का पालन न करने वाली निजी कंपनियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रस्ताव रखा गया।संगठन ने स्वच्छता से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए घरों के सामने बने कूड़ा और खाद के गड्ढों को हटाकर गांव से दूर स्थानांतरित करने तथा वहां अंबेडकर पार्क और बारात घर निर्माण की मांग की। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई।



# 14 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक अधिकारियों ने की बैठक

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट) संभल स्थित चन्दौसी के विश्राम कक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अवधेश कुमार सिंह द्वारा की गई। बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। नोडल अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लंबित वादों का त्वरित, सुलह-समझौते के माध्यम से, कम खर्च में एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निस्तारण करना है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उन्हें लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराया जाए, ताकि वादका. रियों को शीघ्र न्याय प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि लोक अदालत न्याय व्यवस्था को सरल और सुलभ बनाने का प्रभावी माध्यम है। इसलिए आवश्यक है कि संबंधित विभागों एवं पक्षकारों से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत कराया जाए। साथ ही, राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष बल दिया गया, जिससे आमजन को इसकी जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। बैठक में अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी आरती फौजदार, अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट रागिनी सिंह, सिविल जज (सी.डि.)/ए.सी.जे.एम. संभल स्थित चन्दौसी आदित्य सिंह, सिविल जज (सी.डि.)/ए.सी.जे.एम. संभल स्थित चन्दौसी पराग यादव, सिविल जज (जू.डि.)/जे.एम. दिव्या गर्ग सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चन्दौसी श्री अवधेश कुमार सिंह द्वारा प्रदान की गई।

# सिविल लाइंस क्षेत्र में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित जज कॉलोनी के पास 100 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के निर्माण कार्य का भूमि पूजन सोमवार को विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता,जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन के अनेक अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की और इसे जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।यह परियोजना स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वीकृत है। दिनांक 23 अगस्त 2023 तथा मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पत्रांक दिनांक 02 जनवरी 2025 के आधार पर योजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।परियोजना की मूल स्वीकृत लागत 3467.82 लाख रुपये है, जबकि अनुबंध लागत 2709.19 लाख रुपये निर्धारित की गई है।परियोजना हेतु ग्राम छावनी, तहसील व जिला मुरादाबाद स्थित गाटा संख्या 314 में से 0.300 हेक्टेयर (3000 वर्गमीटर) भूमि आरक्षित की गई है। प्रस्तावित भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 8154.81 वर्गमीटर होगा, जिसमें ग्राउंड से चौथी मंजिल तक वार्ड, आईसीयू, आपात सेवाएं एवं मशीनरी कक्ष विकसित किए जाएंगे। प्रत्येक तल की ऊंचाई 3.90 मीटर रखी गई है। योजना के लिए 345.782 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाएगा, जिससे गंभीर मरीजों को अत्याधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



## एक नजर

### टिमिट में 'भारत में एआई का भविष्य' विषय पर भाषण प्रतियोगिता

**मुरादाबाद।** (टिमिट) मे "भारत में एआई का भविष्य" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोपहर 1:00 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के वक्तत्व कौशल का विकास करना तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न आयामो-तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पर विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करना था। प्रतिभागियों ने एआई के माध्यम से भारत के विकास की संभावनाओं पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर टिमिट के डीन डॉ विपिन जैन ने अपने संबोधन में कहा कि एआई भविष्य की दिशा तय करने वाली शक्ति है और युवाओं को नवाच. ार एवं नैतिक मूल्यों के साथ तकनीक का उपयोग करना चाहिए। उनके नेतृत्व में टिमिट निरंतर नवाचार, शोध और व्यक्तित्व विकास की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को सशक्त करने की दिशा में सफल पहल सिद्ध हुआ।

### शादी से पहले युवती लापता, बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप-जेवर और नकदी भी साथ ले गयी

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को सौंपे शिकायतपत्र में बताया कि उसकी बेटी की शादी आगामी 22 मार्च को होनी थी। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में गांव की ही एक युवती उसके घर आई और बहाने से बेटी को अपने साथ ले गई। काफी समय तक बेटी के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, तो पता चला कि गांव का ही युवल उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि युवती घर में रखे जेवर और करीब 2 लाख 20 हजार रुपये नकद साथ ले गई है। युवती के परिजन ने पुलिस से कार्रवाई कर बेटी की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### भारतीय सोशलिस्ट मंच ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन




**मुरादाबाद।** भारतीय सोशलिस्ट मंच के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन के दौरान गलगोटिया यूनिवर्सिटी द्वारा कथित रूप से एआई डॉग के निर्माण पर भारी धनराशि खर्च किए जाने संबंधी दावे पर आपत्ति जताई गई है। मंच का आरोप है कि इस प्रकार के दावों से देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित हुई है और छात्रों के भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न लगा है।ज्ञापन में कहा गया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। मंच ने विश्वविद्यालय प्रशासन को सरकारी निगरानी में लेने, संपत्ति और वित्तीय स्रोतों की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।संगठन ने यह भी मांग उठाई कि देशभर के निजी विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली और वित्तीय पारदर्शिता की समीक्षा की जाए, ताकि छात्रों के हित सुरक्षित रह सकें। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

### गणित में 14 जीव विज्ञान में 149 गैरहाजिर

**कुन्दरकी ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इण्टर बोर्ड परीक्षा में गणित में पंजीकृत 229 परीक्षार्थियों में से 14 अनुपस्थित तथा जीव विज्ञान में पंजीकृत 1876 में से 149 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। बोर्ड परीक्षा के नोडल अधिकारी लोकेश कुमार ने बताया कि ब्लॉक कुन्दरकी के नौ परीक्षा केंद्रों पर गणित विषय में 46 छात्राएं तथा 183 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें क्रमशः 12 और 02 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि जीव विज्ञान विषय में पंजीकृत 1080 छात्रों में से 35 तथा 796 छात्राओं में से 54 गैर हाजिर रहीं। अब्दुल हामिद मैमोरियल इण्टर कॉलेज रतनपुर कलां के अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक तसलीम खान ने बताया कि उनके परीक्षा केंद्र पर बोर्ड परीक्षाएं शान्ति पूर्वक सम्पन्न हो रहीं हैं।



### पीएम श्री विद्यालयों में तैनात होंगे दो-दो सुरक्षा कर्मचारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शासन के निर्देश पर नगर सहित जनपद के 15 पीएम श्री विद्यालयों में विद्यालय एवं स्टाफ की सुरक्षा के लिए प्रत्येक विद्यालय में दो सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। शासन स्तर से बजट जारी किया जा चुका है। स्कूल शिक्षा महानिदेशक द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रांतीय रक्षक दल और अन्य सरकारी विभागों के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का निर्देश पहले ही दिया गया था। इसके लिए प्रतिमाह 12 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा कर्मी की तैनाती के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पिछले दिनों प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारी को पत्र लिखा था उन्होंने स्टाफ के न होने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि नगर के अलावा तहसील क्षेत्र में मथाना एवं फोलड़ा पट्टी मैं पीएम श्री विद्यालय बने हुए हैं इन विद्यालयों के पास लाखों रुपए के उपकरण मौजूद हैं लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए अभी तक सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं है।

### डीएम के आदेश से स्कूलों के टाइम में फिर हुआ बदलाव

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जिलाधिकारी द्वारा जनपद में अत्यधिक शीतलहर / कोहरे के कारण छात्र-छात्रओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य के दृष्टिगत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय / मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं अशासकीय सहायता प्राप्त / राजकीय / कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय / अन्य समस्त बोर्ड के कक्षा-नर्सरी से कक्षा-08 तक के विद्यालयों का संचालन का समय प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक किया गया था।वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग में विद्यालयों के संचालन के लिए निर्धारित समय सारिणी के अनुपालन में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से विद्यालयों का संच. ालन समय 31 मार्च 2026 तक पूर्व की भाँति प्रात: 09:00 बजे से अपरान्त 03:00 बजे तक किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने आज पत्र जारी कर उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराई जाने के निर्देश दिए हैं ।



